खबर संक्षेप

पूजा के दौरान आग की चपेट में आई महिला

कटनी। कैमोर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महगवां में घर में पूजा-अर्चना के दौरान अचानक महिला के कपड़ों में आग लग गई। देखते ही देखते महिला आग की चपेट में आ गई। पत्नी को बचाने के प्रयास में उसका पति भी गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा दोनों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां बर्न वार्ड में डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार महगवां निवासी पूजा कोल अपने घर के मंदिर में पूजा कर रही थीं। इसी दौरान अचानक उनकी चुन्नी में दीये या दीपक से आग पकड़ ली। आग ने कुछ ही पलों में विकराल रूप ले लिया और महिला पूरी तरह लपटों से घिर गई। पत्नी को आग में घिरा देख पति अजय कोल तुरंत उसे बचाने के लिए दौड़ा। लपटों को बुझाने के प्रयास में अजय भी आग की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। घटना घटित होते ही परिजनों और आसपास के लोगों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल कटनी पहुंचाया गया। चिकित्सकों की टीम द्वारा बर्न वार्ड में दोनों का उपचार किया जा रहा है।

कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने कंट्रोल रूम में लगाई ड्यूटी

कटनी। आज 20 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में नगर निगम द्वारा निर्मित जलकुंडों में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इस दौरान चल समारोह और दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी के निर्देश पर 20 अक्टूबर को पुलिस कंट्रोल रूम और कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थापित डीसीसी कंट्रोल रूम में अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्था पर नजर रखने के लिए दोनों कंट्रोल रूम में तीन पालियों में कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

सोयाबीन के पंजीयन की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर

कटनी। खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) में प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर सोयाबीन फसल का पंजीयन जारी है। पंजीयन की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर है। शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी पत्र के अनुसार सोयाबीन पंजीयन की अवधि पहले 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित की गई थी। अब संचालनालय किसान कल्याण तथा कृषि विकास के 16 अक्टूबर 2026 को जारी पत्र के माध्यम से पंजीयन की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर 2026 तक बढ़ा दी गई है। जिले के समस्त सोयाबीन उत्पादक किसानों से अपील की गई है कि वे बढ़ाई गई अवधि का लाभ लेते हुए अपनी सोयाबीन फसल का पंजीयन 24 अक्टूबर 2026 तक अनिवार्य रूप से कराएं, ताकि भावांतर योजना के अंतर्गत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया में शामिल हो सकें।

नवरात्र पर्व की महानवमीं पर हवन पूजन एवं कन्या भोज का हुआ आयोजन

मां काली ने खेला खप्पर, भक्तों ने लिया बाना, भक्ति भाव से निकले आस्था के जवारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





आदिशक्ति की भक्ति आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्र की महानवमीं पर दिन भर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन चलता रहा। देवी पंडालों एवं मंदिरों के अलावा घरों में भी कन्याभोज का आयोजन हुआ। पंडालों एवं मंदिरों में हवन पूजन किया गया। देर शाम मंदिरों, मढ़िया एवं दिवालो में बोये गये जवारों का विसर्जन जुलूस निकाला गया। मां काली ने खप्पर खेला वहीं भक्तों ने बाना लिया। श्रद्धालुओं ने अपने सिर पर जवारा कलश रखकर विसर्जन घाट पहुंचे जहां विधि विधान से पूजन कर जवारों का विसर्जन किया गया।

हवन अनुष्ठान एवं कन्याभोज

शारदेय नवरात्र का पावन पर्व नौ दिनों तक चले देवी पूजन के बाद सोमवार को नवमी तिथि पर हवन पूजन के साथ शारदेय नवरात्र का समापन हुआ। नौ दिनों तक शक्ति की साधना के बाद देवी मंदिरों में वैदिक मंत्रोचार के बीच हवन-अनुष्ठान किया गया। नवरात्र व्रतधारकों ने कन्याभोज , हवन-पूजन करके शक्ति की आराधना का देवी देवालयों सहित मन्दिरो में कन्याभोज आयोजित हुए। जरूरतमंदों व गोवंश को खिलाकर पुण्य की कामना की गई। श्रद्धालुओं ने भोजन के पैकेट बनाकर भी कन्याओं को पहुंचाया। कुछ लोगों ने गरीबों को भोजन कराया।

जुलूस के साथ जवारे विसर्जित

नवमी तिथि पर देवी मंदिरों में बोए गए ज्वारे व मन्नत कलश लेकर भक्त चले। नवमी पर आदिशक्ति के 9 वे रूप माँ सिद्दीदात्री की पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। स्लीमनाबाद के चंडी माई मंदिर से ढोल नगाड़ों की धुन पर ज्वारे जुलूस निकला जो कटनी नदी में जाकर विसर्जित किया गया ।वही ग्राम कोहका में भी ज्वारे जुलूस निकला जो सरोवर मैं जाकर विसर्जित किया गया। वही धरवारा मैं भी ज्वारे जुलूस निकाला जहां कलाकारों के द्वारा कलाकृतिया दिखाई गई।

1251 कलश लेकर निकली महिलाएं

प्रसिद्ध तिंगवा मंदिर मे 1251कलश बोए गए थे।नवरात्र की नवमी पर दिनभर पूजा अर्चना का दौर चला व देर शाम ज्वारे जुलूस निकाला गया।1251 कलश लेकर श्रद्धालु महिलाएं अपने सिरों पर धारण कर निकली। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। कलाकारों के द्वारा भी विभिन्न कलाकृतियां दिखाई गई।वही प्रसिद्ध खड़रा स्थित शारदा मंदिर मे मातारानी के दर्शन करने भक्तो का सैलाब उमड़ा।मातारानी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।दूरदराज क्षेत्र से लोग पूजा अर्चना के लिए मंदिर पहुचे।देर शाम मातारानी के दरबार मै बोये गए ज्वारे व मन्नत कलश को सिर पर धारण कर लोग चले।ज्वारे जुलूस मैं ढोल नगाड़ों की धुन पर देवी भगत गाते हुए भक्तगण चल रहे थे।देर शाम ज्वारे विसर्जित किये गए।वही मरही माता मंदिर से भी ज्वारे जुलूस निकाला जिन्हें सरोवर में विसर्जित किया गया।



दिन दहाड़े ताला तोड़कर लाखों के जेवरात किये पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना अंतर्गत निमिया मोहल्ला में चोरों ने दिनदहाड़े एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवरात चोरी कर लिये। इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार निमिया मोहल्ला निवासी रत्नेश कुमार नेमा के घर में सोमवार को कन्या भोज का आयोजन किया गया था। आयोजन संपन्न होने के बाद दोपहर करीब 12:15 बजे परिवार के सदस्य जालपा मढ़िया में प्रसाद चढ़ाने और दर्शन करने के लिए गए थे। जब परिवार दोपहर लगभग 1:30 बजे वापस लौटा तो घर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। महज सवा घंटे की अवधि के भीतर अज्ञात चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे समेत अंदर के कमरों और अलमारियों के ताले तोड़ डाले थे। चोरों ने अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पार कर दिए तथा पूरे घर का सामान अस्त-व्यस्त कर दिया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार चोरी गई संपत्ति की कीमत करीब 8 से 10 लाख रुपये बताई जा रही है। गृहस्वामी ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच शुरू की। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, जिसमें कुछ संदिग्ध व्यक्ति मकान के आसपास मंडराते दिखाई दिए हैं। महज एक घंटे के समय में हुई इस बड़ी वारदात से प्रतीत होता है कि चोरों ने पहले से मकान की रेकी कर रखी थी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने और चोरी गए माल की बरामदगी के प्रयास में जुटी हुई है।

जिले के 51 जन शिक्षा केंद्रों में शिक्षकों ने प्रस्तुत किए टीचिंग लर्निंग मटेरियल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में कटनी जिले के सभी 51 जन शिक्षा केंद्रों एवं एईओ मुख्यालयों में शैक्षिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सहजकर्ता शिक्षकों तथा कक्षा एक और दो के शिक्षकों ने सहभागिता करते हुए अपने द्वारा तैयार किए गए शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीचिंग लर्निंग मटेरियल-टीएलएम) का प्रस्तुतीकरण किया। शिक्षकों ने सामग्री के माध्यम से बच्चों को सरल, रोचक और प्रभावी ढंग से पढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की।

कार्यक्रम के तहत सभी जन शिक्षा केंद्रों में टीएलएम प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसके बाद शैक्षिक संवाद के दौरान शिक्षकों ने अपनी शिक्षण सामग्री का प्रस्तुतीकरण किया और कक्षा शिक्षण में इसके प्रभावी उपयोग पर विचार-विमर्श किया। शिक्षकों से अपेक्षा की गई कि विद्यालय खुलने के साथ ही वे अन्य आवश्यक शिक्षण सामग्री का निर्माण करें और उसका नियमित एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करें, ताकि बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को अधिक सहज और रुचिकर बनाया जा सके।

जन शिक्षा केंद्र हरदुआ में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के फैकल्टी सदस्यों ने भी सहभागिता की। यहां बच्चों में दिशाओं की समझ विकसित करने के लिए तैयार किए गए टीएलएम पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी और प्रभावी शिक्षण कार्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता देखने को मिली। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, कटनी ने शिक्षकों के इस प्रयास पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शिक्षण-अधिगम सामग्री के निरंतर निर्माण और प्रभावी उपयोग पर जोर दिया।

विजयादशमी पर झिंझरी पुलिस लाइन में होगा शस्त्र पूजन, राज्यमंत्री होंगे शामिल

कटनी। विजयादशमी पर्व के अवसर पर मंगलवार, 20 अक्टूबर को कटनी के झिंझरी स्थित पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राज्य शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विजयादशमी पर शस्त्र पूजन भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय के साथ शक्ति, साहस, कर्तव्यनिष्ठा तथा धर्म की रक्षा का संदेश देता है। शस्त्र पूजन के माध्यम से अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, आत्मरक्षा और राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति संकल्प व्यक्त किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीराम ने रावण पर विजय प्राप्त करने से पहले अस्त्र-शस्त्रों की पूजा की थी।

इसी परंपरा से प्रेरित होकर विजयादशमी पर शस्त्र पूजन किया जाता है। भारतीय सेना, पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों में भी यह परंपरा शौर्य, अनुशासन, कर्तव्यपरायणता और राष्ट्र रक्षा के प्रति समर्पण की भावना को अभिव्यक्त करती है। शस्त्र पूजन का उद्देश्य शस्त्रों की शक्ति का सदुपयोग करते हुए समाज में शांति, सुरक्षा और न्याय की स्थापना के संकल्प को मजबूत करना है। यह परंपरा संदेश देती है कि शक्ति का उपयोग सदैव धर्म, सत्य, न्याय और निर्दोषों की रक्षा के लिए किया जाना चाहिए।

जिला स्तरीय शोध समिति की हुई बैठक



राज्य शिक्षा केंद्र और कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) कटनी में जिला स्तरीय शोध समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई। डाइट की प्राचार्य एम.पी. डुंगडुंग के निर्देशन में आयोजित बैठक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा निर्धारित विषयों पर लघु अवधि शोध एवं क्रियात्मक शोध कराए जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। जिला शोध प्रभारी उमाशंकर सैनी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसाओं के अनुरूप शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं। शिक्षा व्यवस्था में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान एफ एलएन तथा प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा जैसी योजनाओं को शामिल किया गया है। इन पहलों की प्रभावशीलता का आकलन करने और शिक्षण प्रक्रियाओं के परिणामों को परखने के लिए शैक्षणिक शोध आवश्यक है। बताया गया कि शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थाओं का दायित्व शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार करना, नवाचारों की प्रभावशीलता का परीक्षण करना तथा शोध कार्यों का मूल्यांकन करना है। इसी उद्देश्य से वर्तमान शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप सभी प्रशिक्षण संस्थाओं को शोध विषय आवंटित किए गए हैं।

दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिये 11 घाटों में बने कृत्रिम कुंड, 175 अधिकारी कर्मचारी रहेंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नवरात्रि पर्व के अवसर पर मंगलवार 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाले चल समारोह एवं माता प्रतिमा विसर्जन को सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए निगम प्रशासन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। नगर में आयोजित होने वाले प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम के मद्देनजर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने शहर के प्रमुख विसर्जन घाटों पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर आवश्यक व्यवस्थाओं को पूरा करने के निर्देश दिए गए है।

निगमायुक्त सुश्री परिहार के निर्देश पर निगम प्रशासन द्वारा प्रतिमाओं के विसर्जन विसर्जन हेतु नगर के विभिन्न 11 घाटों गाटर घाटके दो कृत्रिम जलकुंड, मोहनघाट, मसुरहा घाट, माई नदी घाट, बाबाघाट, छपरवाह घाट, बिलगवां घाट, सिमरार नदी रपटा, पीर बाबा निवार, बजरंग कॉलोनी, ट्रांसपोर्ट नगर तालाब में कृत्रिम कुण्डों कराने के निर्देश दिए है तथा प्रत्येक विसर्जन कुंड के लिए प्रभारी एवं सहयोगी कर्मचारी नियुक्त किये गए है।

प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, घाटों की स्वच्छता सहित आवश्यक व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन तथा विसर्जन कार्य में समन्वय बनाए रखने के लिए 175 अधिकारी कर्मचारियों की तीन पारियों में ड्यूटी लगाई गई है। प्रथम पाली प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक, द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक तथा तृतीय पाली रात्रि 9 बजे से मूर्ति विसर्जन समाप्ति तक के लिए निर्धारित की गई है।

कटाएघाट एवं अमीरगंज तालाब में प्रतिमा विसर्जन रहेगा प्रतिबंधित

निगमायुक्त द्वारा जारी निर्देशानुसार कटाए घाट एवं अमीरगंज तालाब में प्रतिमाओं का विसर्जन पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। उक्त घाटों में भी तीन शिफ्ट में घाट प्रभारी एवं कर्मचारी नियुक्त किए जाकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

ड्यूटी से लौट रहे पुलिस कर्मियों ने घायल युवकों को पहुंचाया अस्पताल

कार और स्कूटी में हुई भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से हुये घायल, जबलपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



स्लीमनाबाद बायपास पर कार क्रमांक UP 50 CQ 4025 और स्कूटी क्रमांक MP 21 ZH 0955 के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में स्कूटी सवार रवि कुमार बघेल (25), पिता महेंद्र सिंह बघेल, निवासी थाना सेवढ़ा, जिला दतिया, वर्तमान निवासी स्लीमनाबाद तिराहा, पेट्रोल पंप के पास, गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद युवक सड़क किनारे खून से लथपथ अवस्था में पड़ा था। घटनास्थल पर करीब 40 से 50 लोगों की भीड़ जमा हो गई थी।इसी दौरान राष्ट्रीय एकता दिवस की ड्यूटी से लौट रहे पायलट वाहन में तैनात आरक्षक क्रमांक 515 राजेंद्र मिश्रा और आरक्षक क्रमांक 544 किशोर कापसे की नजर घायल युवक पर पड़ी। दोनों जवानों ने बिना देर किए वाहन रोका और घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

हादसे की सूचना मिलने पर थाना स्लीमनाबाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया है। पुलिस जवानों की इस त्वरित पहल से दुर्घटना के बाद घायल को समय पर उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिली।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में कटनी पुलिस कानून-व्यवस्था के साथ जनसेवा और मानवीय संवेदनशीलता पर भी जोर दे रही है। आरक्षकों की इस पहल ने संदेश दिया कि सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मदद करना प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। कटनी पुलिस ने आमजन से अपील की है कि दुर्घटना में घायल लोगों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराएं और आपातकालीन सेवाओं को सूचना दें। समय पर उठाया गया एक छोटा कदम किसी की जान बचाने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

महापौर के ड्रीम प्रोजेक्ट को विधायक ने बताया ऐतिहासिक

1.37 करोड़ से पुरवार स्कूल के नवीन भवन का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



किसी भी शहर की प्रगति का वास्तविक आधार उसकी आने वाली पीढ़ी होती है और इनके भविष्य को संवारने में शिक्षा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। समाज को सही दिशा की ओर अग्रसर करने में महिलाओं की भूमिका उससे भी अधिक महत्वपूर्ण मानी जाती है। अगर बेटियां पढ़ेंगी, आगे बढ़ेगी तो समाज खुद उन्नति की राह पर अग्रसर होगा इसी सोच के साथ कटनी के बी.डी. अग्रवाल वार्ड अंतर्गत सिविल लाइन स्थित शासकीय कन्या शाला में नवीन भवन निर्माण की दिशा में कटनी नगर निगम ने महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। शनिवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने लगभग 1 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से बनने वाले अपने ड्रीम प्रोजेक्ट नवीन विद्यालय भवन का भूमिपूजन मुड़वारा विधायक संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल के हाथों करवाया। कार्यक्रम में विधायक श्री जायसवाल मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। इस निर्माण से विद्यालय को नई अधोसंरचना मिलेगी और छात्राओं के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने का मार्ग प्रशस्त होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूर्ण विधि-विधान के साथ हुई।

10 कक्षाओं का निर्माण

शासकीय कन्या शाला में लगभग 1 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से बनने वाला नवीन विद्यालय भवन ग्राउंड प्लस वन (भूतल एवं प्रथम तल) स्वरूप में तैयार किया जाएगा। भवन में कुल 10 कक्षाओं का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रसाधन कक्षों की व्यवस्था भी की जाएगी। नवीन भवन के निर्माण से विद्यालय की आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी तथा छात्राओं को अध्ययन के लिए बेहतर एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

बेटियों की शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य को समर्पित पहल

महापौर श्रीमती सूरी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नवीन विद्यालय भवन का भूमिपूजन केवल एक निर्माण कार्य का शुभारंभ नहीं, बल्कि बेटियों की शिक्षा, उनके सपनों और उज्ज्वल भविष्य को नई दिशा देने की महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने कहा कि हर बेटी में अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर जीवन में ऊंचाइयां हासिल करने की क्षमता है। आवश्यकता है अपने लक्ष्य को पहचानने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और निरंतर परिश्रम करने की। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे बड़े सपने देखें और डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि बनकर समाज और देश की सेवा करें।

दो जुआफड़ों में दबिश देकर 18 जुआरियों को दबोचा, 26 हजार रूपये नकदी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विजयराघवगढ़ एवं निवार चौकी क्षेत्र में पुलिस ने 18 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। निवार चौकी पुलिस ने ग्राम टेढ़ी में जुए के फड़ पर दबिश देकर 13 लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने मौके से 12,330 रुपये नकद और ताश के पत्ते जब्त किए हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम टेढ़ी में कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और 13 लोगों को कथित तौर पर जुआ खेलते हुए पकड़ा। पकड़े गए जुआरियों में बंटू लुनिया 22, राजीव लुनिया 22, दीपक सिंह 22, दुर्गेश बर्मन 33, धर्मेन्द्र रजक 32, सुनील काछी 32, संतोष यादव 30, कोमल सिंह 34, प्रदु लुनिया 35, शुभाष लुनिया 30, राहुल दुबे 30, गुड्डू सिंह 42 और राहुल यादव 38 शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ग्राम टेढ़ी, शाहपुर, भनपुरा नंबर-2, गुबराधरी और सुनेहरा के निवासी हैं। कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक राजेश कोरी, प्रधान आरक्षक मनीष कुमार, आरक्षक अंकित दुबे, अरविंद कुशवाहा की भूमिका रही।

इसी तरह विजयराघवगढ़ पुलिस ने देवराकला कन्या शाला के पास जुआ खेलते 6 जुआरियों को गिरफ्तार किया। जुआरियों से 14,380 रुपये नगद व ताश पत्ते जब्त किये गये हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार जुआरियों में शैलेन्द्र कुमार 38 वर्ष, भूरा कुशवाहा 30 वर्ष, सूरज गुप्ता 40 वर्ष, राजेश चौधरी 35 वर्ष, दीपक गुप्ता 38 वर्ष एवं कमलेश चौधरी 40 वर्ष शामिल है। सभी देवराकला के निवासी हैं।

खबर संक्षेप



लगा निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

विजयराघवगढ़। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम नन्हवारा में राहत समर्पण सेवा समिति द्वारा निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से 200 से अधिक ग्रामीणों को निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा प्रदान की गई। शिविर में ग्रामीणों की आँखों की जाँच के साथ ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जाँच भी की गई। आवश्यकता के अनुसार दृष्टि सुधार के लिए 166 चश्मों का वितरण किया गया जिससे ग्रामीणों को काफी लाभ मिला। श्रद्धा के साथ सेवा का संदेश इस आयोजन में रामलीला एवं दुर्गा उत्सव समिति का विशेष सहयोग रहा। श्रीराम सोनी एवं श्रवण कुमार बागरी नन्हे सिंह अजीत चक्रवर्ती ने शिविर के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए इस जनसेवा पहल की सराहना की। शिविर में डॉ. सत्यराम साहू शारदा प्रसाद साहू एवं चंद्रभान पाल द्वारा ग्रामीणों का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर भजन बागरी राजा बर्मन सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

59 पाव अवैध शराब जब्त

कटनी। निवार चौकी पुलिस ने ग्राम टेढ़ी में एक युवक के पास से 59 पाव शराब जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं डीएसपी अजाक अनिमेष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा माधवनगर थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में निवार चौकी पुलिस ने ग्राम टेढ़ी में दबिश दी।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने राजीव लूनिया (22), निवासी ग्राम टेढ़ी के कब्जे से 14 पाव प्लेन शराब, 25 पाव मसाला शराब और 20 पाव गोवा व्हिस्की बरामद की। पुलिस ने कुल 59 पाव शराब, जिसकी कीमत 7500 रुपये आंकी गई है, जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की। कार्रवाई में निवार चौकी प्रभारी अंजनी मिश्रा, प्रधान आरक्षक राजेश कोरी, आरक्षक अंकित दुबे और अरविंद की भूमिका रही।

घंटाघर में 53 लाख से बनेगा रामलीला रंगमंच



कटनी। घंटाघर क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित सांस्कृतिक विकास कार्य को गति देते हुए घंटाघर रामलीला कमेटी के भव्य रंगमंच निर्माण का भूमिपूजन तथा नवनिर्मित सुलभ कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण विधि-विधान से संपन्न हुआ। लगभग 53 लाख रुपए की अनुमानित लागत से तैयार होने वाले इस सर्वसुविधायुक्त रंगमंच के बन जाने से क्षेत्र में कला, संस्कृति और धार्मिक आयोजनों को नया आयाम मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वार्ड पार्षद मिथिलेश जैन ने कहा कि घंटाघर रामलीला कमेटी द्वारा विगत 50 से अधिक वर्षों से अनवरत रामलीला का मंचन किया जा रहा है। आधी सदी से क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान बने इस मंचन के लिए अब तक कोई पक्का और सुव्यवस्थित रंगमंच उपलब्ध नहीं था। इसके चलते न केवल रामलीला के कलाकारों को तैयारियों व मंचन में असुविधा होती थी, बल्कि दर्शकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।उन्होंने आगे बताया कि 53 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले इस रंगमंच में ग्रीन रूम, मंच और आवश्यक नागरिक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही घंटाघर क्षेत्र में लोकार्पित हुए सुलभ कॉम्प्लेक्स से स्थानीय व्यापारियों, राहगीरों और विभिन्न कार्यक्रमों में जुटने वाले नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था और बेहतर होगी।

हिरण नदी के किनारे स्थित मंदिर में साल भर भक्तों का रहता है आना-जाना

आस्था का संगमः कुंसरी की काली माता मंदिर की महिमा और अद्भुत मान्यताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा तहसील मुख्यालय से करीब 23 किलोमीटर दूर पावन धाम 'कुंसरी की काली माता' श्रद्धालुओं के बीच विशेष आस्था का केंद्र बना हुआ है। हिरण नदी के तट पर स्थित यह मंदिर न केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है, बल्कि इस स्थान से जुड़ी रहस्यमयी एवं पौराणिक मान्यताएं इसे बेहद खास बनाती हैं। हिरण नदी का किनारा और दो पावन स्थलकुंसरी गांव की भौगोलिक और धार्मिक बनावट बेहद सुंदर और मनमोहक है। इस पावन धरा पर माता रानी के दो अलग-अलग स्थान मौजूद हैं। पहला स्थान हिरण नदी के किनारे स्थित है, माता का दूसरा स्थान स्वयं कुंसरी गांव के भीतर विराजमान है। स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु इन दोनों स्थानों पर जाकर माता का आशीर्वाद लेते हैं।



कोलकाता के प्रसिद्ध काली मंदिर से अटूट जुड़ाव की अद्भुत कथा

कुंसरी की काली माता के चमत्कारों और उनकी महिमा की गाथा को लेकर जिला प्रशासन के दस्तावेजों और जनश्रुतियों में एक बहुत ही अद्भुत प्रसंग मिलता है। स्थानीय लोगों और लोक कथाओं के अनुसार, इस स्थान का सीधा संबंध पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के विश्व प्रसिद्ध काली मंदिर से माना जाता है। इस संदर्भ में सदियों पुरानी एक प्रसिद्ध लोक मान्यता है कि बहुत समय पहले कुंसरी गांव के रहने वाले एक परम भक्त बंशीलाल बागरी मां काली के दर्शन की तीव्र इच्छा लेकर कोलकाता गए हुए थे। जब वे कोलकाता के सुप्रसिद्ध काली मंदिर पहुंचे, तो वहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। अत्यधिक भीड़ होने के कारण बंशीलाल मंदिर के गर्भगृह के भीतर प्रवेश नहीं कर पा रहे थे और सुरक्षा व्यवस्था व लंबी कतारों के चलते उन्हें बाहर ही रोक दिया गया था। अपने आराध्य के दर्शन न कर पाने के कारण भक्त बंशीलाल का हृदय पूरी तरह व्याकुल हो उठा। उन्होंने निराश होने के बजाय वहीं मंदिर परिसर के बाहर खड़े होकर अपनी आंखें बंद कर लीं और पूरी श्रद्धा और सच्चे मन से अपने पैतृक गांव कुंसरी की मां काली का ध्यान करना शुरू कर दिया तभी मंदिर के भीतर एक अविश्वसनीय और अलौकिक चमत्कार हुआ। कोलकाता काली मंदिर के मुख्य पुजारी को गर्भगृह के भीतर बैठे-बैठे अचानक एक दिव्य शक्ति का आभास हुआ। मान्यता है कि माता रानी की प्रेरणा से मुख्य पुजारी ने तुरंत मंदिर के भीतर से एक सेवादार (व्यक्ति) को बाहर भेजा और उसे निर्देश दिया कि बाहर भीड़ में खड़े मध्य प्रदेश के कुंसरी गांव के भक्त बंशीलाल बागरी को ढूंढकर ससम्मान सीधे अंदर लेकर आओ। जब सेवादार ने बंशीलाल को आवाज दी और उन्हें सीधे गर्भगृह के भीतर ले जाकर दर्शन कराए, तो बंशीलाल की आंखों से आंसू छलक पड़े। इस घटना के बाद से यह बात पूरे क्षेत्र में फैल गई कि कुंसरी की काली माता और कोलकाता की महाकाली के बीच एक अत्यंत गहरा और अलौकिक आध्यात्मिक संबंध है। तभी से इस मंदिर के प्रति लोगों की आस्था कई गुना बढ़ गई।

वैसे तो वर्ष भर कुंसरी गांव में भक्तों का आना-जाना लगा रहता है। प्रत्येक शनिवार व मंगलवार को यहाँ विशेष पूजा-अर्चना की जाती है, चैत्र और शारदीय नवरात्रि के पावन दिनों में यहाँ आस्था का नजारा देखने लायक होता है। नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर को विशेष सज्जा और फूलों से सजाया जाता है। नौ दिनों तक यहाँ चौबीसों घंटे 'जय माता दी' और 'महाकाली की जय' के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहता है।



चैतन्य देवियों के दर्शन कर भक्तों ने लिया आध्यात्मिक लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर ऐतिहासिक नगरी में रेणुका दुर्गा उत्सव समिति के सौजन्य से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा चैतन्य नवरात्रि झांकी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के अनेक श्रद्धालुओं ने चैतन्य देवियों के दर्शन कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। झांकी में देवियों के दिव्य स्वरूप एवं आध्यात्मिक संदेश ने भक्तों को आकर्षित किया।

इस अवसर पर राजयोगिनी भारती दीदी ने नवरात्रि एवं चैतन्य झांकी का आध्यात्मिक महत्व पर बताया कि भारत की संस्कृति प्रारंभ से ही आध्यात्मिकता और भक्ति भावना से ओतप्रोत रही है। हमारे पर्वों में भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिलती है। नवरात्रि ऐसा पावन पर्व है, जिसमें नौ दिन देवी की आराधना, भक्ति और साधना के लिए समर्पित होते हैं। शक्ति की उपासना हमें आंतरिक बल, सकारात्मकता और श्रेष्ठ जीवन जीने की प्रेरणा देती है।

दीदी ने कहा कि आज चैतन्य रूप में देवी स्वरूप में विराजमान बहनों ने अपने जीवन में ऐसी कौन-सी शक्ति धारण की है, जिससे वे तन के साथ-साथ मन को भी स्थिर और शक्तिशाली बना सकती हैं? इसका आधार है राजयोग का नियमित अभ्यास, जो मन को शक्तिशाली बनाता है, जीवन जीने की कला सिखाता है, साधारण मनुष्य को देवतुल्य गुणों से संपन्न बनाता है तथा जीवन में श्रेष्ठ संस्कारों का निर्माण करता है।उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को संदेश देते हुए कहा कि केवल देवी की पूजा-अर्चना तक ही सीमित न रहें, बल्कि देवियों के गुणों और शक्तियों को अपने जीवन में जीधारण करने का प्रयास करें।

माँ सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर की गई सुख समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

शक्ति उपासना का पर्व शारदेय नवरात्र की नौ दिनों तक स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे धूम रही।देवी मन्दिरो से लेकर पंडालों तक भक्तिमय धार्मिक वातावरण बना रहा। शारदेय नवरात्र का सोमवार को नवमी के दिन समापन हुआ। शारदेय नवरात्र की नवमी पर मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई। सुबह से ही मातारानी के दर्शन के लिए भक्त देवी मंदिरों में पहुँचे। मातारानी को जल अर्पित कर मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई।वही दुर्गा पंडालों में भी विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। दूर्गा प्रतिमाओं को मंगलवार को विदाई दी जाएगी।

नवमी पर बहोरीबंद के प्रसिद्ध तिंगवा स्थित शारदा मंदिर अपार जनसैलाब उमड़ा। लोगो ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।वही अपनी मन्नतों को लेकर दंडे भरी गई।मातारानी को अर्पित किए गए 56 भोग-महाष्टमी पर स्लीमनाबाद नगर महाराणी शिवशक्ति दुर्गोत्सव समिति के तत्वाधान मैं माताराणी को 56 भोग अर्पित किए गए।साथ ही नवमी पर देवी मंदिरों व दुर्गा पंडालो पर हवन पूर्णाहुति हुई।साथ ही कन्या पूजन कर कन्या भोज के साथ विशाल भंडारा आयोजित हुआ।बाल कलाकारों के द्वारा गरबा नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई।महाआरती कर की गई विश्व कल्याण की कल्याण-शारदेय नवरात्र के पावन पर्व पर स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर व नगर महाराणी मै महाआरती का आयोजन किया गया।महाआरती कर विश्व कल्याण की कामना की गई।



आज मनाया जायेगा दशहरा

नवरात्र पर्व का सोमवार को समापन हो गया देवी पंडालो में हवन यज्ञ पूर्णाहुति हुई साथ कन्या पूजन कर कन्या भोज के साथ विशाल भंडारा आयोजित हुआ जहाँ लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। स्लीमनाबाद स्थित संगम नगर दुर्गा उत्सव समिति ओर आजाद चौक पूजा दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में माताराणी को 56 भोग अर्पित किए गए ओर अर्पित भोग का प्रसाद वितरण किया गया। स्लीमनाबाद स्थित नगर महाराणी में महाआरती कर विश्व कल्याण की कामना की गई।

स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय में दशहरे की धूम रहेगी। स्लीमनाबाद में स्थापित सभी देवी पंडालो मै विशाल देवी जागरण कार्यक्रम आयोजित होगा जहाँ गायक ओर गायिकाओ के द्वारा देवी भजनों की प्रस्तुतियाँ दी जाएगी। स्लीमनाबाद स्थित नगर सेठानी पूजा दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा विशाल देवी जागरण का आयोजन होगा जिसमें भजन गायिका संजो बघेल व नवयुवा दुर्गा उत्सव समिति में गायक सत्येंद्र असाठी ओर गायिका जसप्रीत कौर की शानदार प्रस्तुतियाँ देखने को मिलेगी।

राबर्ट लाइन में 47 लाख के विकास कार्यों की सौगात



महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के नेतृत्व में संत कंवरराम वार्ड की रॉबर्ट लाइन में लगभग 47 लाख 11 हजार रुपये की लागत से होने वाले दो महत्वपूर्ण सड़क डामरीकरण कार्यों का भव्य भूमिपूजन संपन्न हुआ। क्षेत्र की जनता की सालों पुरानी परेशानी को दूर करने के लिए बजरंग बली मंदिर से अमर अमित आसरानी के घर तक लगभग 26 लाख 68 हजार रुपये की लागत से डामरीकरण कार्य कराया जाएगा। वही रामचंद पोपटमल की आढ़त से जे.के. वॉच के मकान तक लगभग 20 लाख 43 हजार रुपये की लागत से डामरीकरण कार्य कराया जाएगा। इन दोनों विकास कार्यों की कुल लागत 47 लाख 11 हजार रुपये है। इन सड़कों के बनने से धूल-गड्ढों से निजात मिलेगी और क्षेत्रवासियों का आवागमन बेहद सुगम हो जाएगा। जनता के उत्साह के बीच महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि शहर के हर वार्ड का चौमुखी विकास और नागरिकों को उच्च कोटि की मूलभूत सुविधाएं दिलाना ही उनका मुख्य लक्ष्य है। कुछ तकनीकी कारणों से कार्यों में आई देरी पर उन्होंने जनता के प्रति खेद भी जताया और आश्वस्त किया कि नगर निगम पूरी रफ्तार से विकास के पहिये को आगे बढ़ा रहा है। महापौर ने कड़े शब्दों में निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर एक पाई का सदुपयोग कर विकास का लाभ वार्ड के आखिरी छोर के नागरिक तक पहुँचाया जाएगा।

3.77 हेक्टेयर क्षेत्र में निर्माणाधीन कंटूर ट्रेंच कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने ग्राम चपहनी पहुंचकर विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन कंटूर ट्रेंच कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर अधिकारियों से कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं ग्रामीणों को मिल रहे रोजगार के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान एसपी अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमति हरसिमरनप्रीत कौर, एसडीएम कटनी जीतेन्द्र पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्राम चपहनी में लगभग 3.77 हेक्टेयर क्षेत्र में कंटूर ट्रेंच का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य की कुल लागत 5 लाख 54 हजार रुपये है। कलेक्टर श्री तिवारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मापदंडों के अनुसार कार्य कराने के निर्देश दिए।

योजना के माध्यम से ग्रामीण नागरिकों को स्थानीय स्तर पर रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके तहत ग्रामीणों को 15 दिवस का रोजगार मिलता है तथा किए गए कार्य के अनुसार मानदेय भी प्राप्त होता है। इससे ग्रामीणों को रोजगार के साथ-साथ अपने ही क्षेत्र में आजीविका का साधन उपलब्ध हो रहा है। इसके अलावा कंटूर ट्रेंच जैसे कार्यों से ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ही मृदा एवं जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। ऐसे कार्य वर्षा जल को रोकने और भूमि की नमी बनाए रखने में सहायक होते हैं।



विद्यार्थियों को स्व रोजगार से जोड़ने के लिये छात्रों को दिया गया प्रशिक्षण

विद्यार्थियों को जैव उर्वरक एवं फसल रोग नियंत्रण का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग की व्यावसायिक शिक्षा योजना के अंतर्गत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को जैविक खेती एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा शासन के निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

दी तकनीकी जानकारी

प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत जैव उर्वरकों एवं जीवाणु कल्चर के उपयोग की तकनीकी जानकारी दी गई। विशेषज्ञ ने बताया कि मृदा की उर्वरता बनाए रखने तथा फसलों को आवश्यक पोषक तत्वों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने में राइजोबियम, एजोटोबैक्टर एवं अन्य जैव उर्वरक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनका उपयोग स्थानीय जलवायु, मिट्टी की स्थिति और फसलों की आवश्यकता के अनुसार किया जाना चाहिए।



विद्यार्थियों को बताया गया कि दलहनी फसलों में नाइट्रोजन स्थिरीकरण के लिए राइजोबियम तथा गैर-दलहनी फसलों में एजोटोबैक्टर, एजोस्पिरिलम, एजोला एवं नील-हरित शैवाल जैसे जैविक आदानों का उपयोग किया जाता है। ये सूक्ष्मजीव वायुमंडलीय नाइट्रोजन को पौधों के लिए उपयोगी बनाने में सहयोग करते हैं। इसके अलावा फसलों में फास्फोरस की उपलब्धता बढ़ाने के लिए फास्फेट घोलक जैव उर्वरकों तथा पोषक तत्वों के अवशोषण में सहायक माइकोराइजा के उपयोग की जानकारी दी गई।

विधियों का कराया अभ्यास

प्रशिक्षण में बीज उपचार, भूमि उपचार, जड़ एवं कंद उपचार तथा नर्सरी उपचार की तकनीकी विधियों का भी अभ्यास कराया गया। साथ ही उगरा, जड़ सड़न, पौध गलन और कंडवा जैसे रोगों के नियंत्रण के लिए जैविक फफूंदनाशक ट्राइकोडर्मा विरिडी के उपयोग की जानकारी दी गई।

मातृ मृत्यु के मामलों की जांच के लिए जाएगी जिला स्तरीय टीम

लापरवाही पर 5 स्वास्थ्य कर्मियों के वेतन कटौती के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर पर प्रभावी नियंत्रण, गर्भवती महिलाओं को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति बढ़ाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने सख्त निर्देश दिए हैं। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में उन्होंने मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार सुनिश्चित करने को कहा।

मातृ मृत्यु की सभी के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने कन्हवारा विकासखंड में मातृ मृत्यु के मामलों पर गहन नाराजगी जाहिर करते हुए जिला स्तरीय टीम भेजकर निरीक्षण कराने और आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर उनके समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीपीएम एवं बीसीएम को नियमित फील्ड विजिट कर गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, उचित प्रबंधन और एएनएम, सीएचओ तथा आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कराने को कहा। महिला चिकित्सक पदस्थ होने वाली स्वास्थ्य संस्थाओं में उन्हें मेटरनिटी विंग का प्रभारी बनाने तथा महिला स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के लिए रात्रिकालीन शिफ्ट में सुरक्षा गार्ड तैनात करने के निर्देश भी दिए गए।

जिला चिकित्सालय कटनी के एमसीएच भवन के ड्रेनेज में निम्न गुणवत्ता के निर्माण कार्य से हुई क्षति पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित ठेकेदारों से सुधार कार्य कराने तथा कार्य पूरा होने तक उनकी सुरक्षा निधि वापस नहीं करने के निर्देश सिविल सर्जन को दिए।

समीक्षा में सामने आया कि संजीवनी 108 एंबुलेंस एवं जननी एक्सप्रेस समय पर उपलब्ध नहीं होने से गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य संस्थाओं तक पहुंचने में देरी होती है। 17 अक्टूबर 2026 की स्थिति में जिले के 38 वाहनों में से 10 वाहन ऑफ रोड पाए गए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जननी एक्सप्रेस उपलब्ध नहीं होने पर बीएलएस वाहन से महिला हितग्राही को अस्पताल पहुंचाया जाए।

समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया की शिशु मृत्यु के अधिकतर मामले जन्म के सात दिनों के भीतर होने के मद्देनजर कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी आशा, एएनएम एवं सीएचओ को नवजात शिशुओं की निर्धारित समय पर एचबीएनसी देखभाल सुनिश्चित करने को कहा। प्रसव केंद्रों में वार्मर एवं फोटोथैरेपी मशीनों का शत-प्रतिशत उपयोग करने और खराब उपकरणों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। पांच वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण बढ़ाने के लिए वीएचएनडी सत्रों की पुनर्समीक्षा कर पांच दिनों में रिपोर्ट मांगी गई।

स्वास्थ्य कार्यक्रमों में न्यूनतम प्रगति पर कलेक्टर ने एएनएम कविता धुर्वे, भागवती प्रजापति और सीएचओ आरती चक्रवर्ती का सात दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। एएनएम शशिप्रभा राव का तीन दिन तथा सीएचओ योगिता शुक्ला का पांच दिन का वेतन काटने को कहा गया। बैठक में अनुपस्थित रहने और कार्य में लापरवाही के मामलों में संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगने के निर्देश दिये।

दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान घाटों में व्यवस्था बनाए रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों और अधिकारियों की लगी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आज 20 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर नगर निगम द्वारा निर्मित विसर्जन जलकुंडों में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इस दौरान निर्धारित घाटों और विसर्जन स्थलों पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर के निर्देश पर कार्यपालिका मजिस्ट्रेटों और सहयोगी अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की है।

दुर्गा उत्सव चल समारोह के दौरान कमानिया गेट स्थित दक्षिणमुखी हनुमानजी मंदिर से सुभाष चौक तक जुलूस के साथ-साथ समापन तक तहसीलदार कटनी नगर अजीत तिवारी की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं, सुभाष चौक, शेर चौक से आजाद चौक तक जुलूस के साथ-साथ समापन तक तहसीलदार कटनी ग्रामीण अतुलेश सिंह कानून एवं शांति व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे। गाटर घाट एवं मोहन घाट विसर्जन कुंड के लिए तहसीलदार कटनी नगर अजीत तिवारी को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार छपरवाह घाट, बिलगवां घाट एवं बाबा घाट विसर्जन कुंड की जिम्मेदारी नायब तहसीलदार कटनी आशीष कुमार चतुर्वेदी को सौंपी गई है।

मसुरहा घाट एवं माई नदी विसर्जन कुंड के लिए सहायक नायब तहसीलदार भू-प्रबंधन चंद्रभान सिंह, सिमरार नदी रपटा (जुहीला) घाट के लिए नायब तहसीलदार नजूल ब्रिज बिहारी दुबे तथा पीरबाबा नदी एवं हनुमान घाट के दोनों ओर स्थित विसर्जन कुंडों के लिए तहसीलदार कटनी ग्रामीण अतुलेश सिंह को दायित्व सौंपा गया है। जबकि, बजरंग कॉलोनी स्थित घाट पर नायब तहसीलदार श्रीमती साक्षी शुक्ला, ट्रांसपोर्ट नगर तालाब के पास स्थित विसर्जन कुंड पर तहसीलदार आकाश नीरज तथा कटाये घाट एवं अमीरगंज तालाब क्षेत्र के लिए तहसीलदार कटनी नगर सुश्री अवंतिका तिवारी की ड्यूटी लगाई गई है। इन सभी अधिकारियों के सहयोग के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक, दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक तथा शाम 7 बजे से प्रतिमा विसर्जन समाप्त होने तक ड्यूटी लगाई गई है। कटायेघाट और अमीरगंज तालाब में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन प्रतिबंधित रहेगा। वहीं, कटनी ग्रामीण, विजयराघवगढ़, बहोरीबंद एवं ढीमरखेड़ा के अनुविभागीय मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने अनुभाग क्षेत्रों में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पृथक से आदेश जारी किया है।

खबर संक्षेप

पेट्रोल पंप पर मशीन खराब होने से भड़का विवाद, युवक के सिर पर पत्थर से हमला

अमानगंज। पेट्रोल पंप पर मशीन खराब होने के कारण पेट्रोल डालने में हुई देरी से विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक पर पत्थर से हमला कर दिया गया। घटना जूड़ी पेट्रोल पंप की है, जहां गाली-गलौज के बाद आरोपी ने युवक के सिर पर पत्थर मारकर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम जुड़ी पंगरा निवासी हजारी कुशवाहा (32), जूड़ी पेट्रोल पंप पर काम करता है। 18 अक्टूबर 2026 की शाम करीब 8 बजे भरत लोधी मोटरसाइकिल से पेट्रोल पंप पहुंचा और पेट्रोल डालने को कहा। मशीन खराब होने की जानकारी देकर हजारी ने कुछ देर इंतजार करने की बात कही। इसी बात पर आरोपी भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। हजारी द्वारा गाली देने से मना करने पर आरोपी ने पास में पड़ा पत्थर उठाकर उसके सिर पर मार दिया, जिससे खून निकलने लगा। मौके पर मौजूद अमन कुशवाहा और प्रमोद कुशवाहा ने बीच-बचाव किया। आरोप है कि जाते समय आरोपी ने दोबारा मिलने पर जान से खत्म करने की धमकी भी दी। हमले में हजारी के सिर, गले और दाहिने हाथ की हथेली में चोटें आई हैं। फरियादी की शिकायत पर अमानगंज पुलिस ने आरोपी भरत लोधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296(बी), 115(2) और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

नोहटा थाना क्षेत्र में चोरों के बुलंद हौसले

घांघरी तिगड्डा के पास नर्सरी का गेट काटने का प्रयास, ग्रामीणों में दहशत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

दमोह जिले के नोहटा और जबेरा क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। एक के बाद एक सामने आ रही चोरी की वारदातों ने ग्रामीण इलाकों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला घांघरी तिगड्डा के पास स्थित नवनिर्मित वन नर्सरी का है, जहां अज्ञात चोरों ने लोहे का भारी-भरकम गेट काटकर चुराने का असफल प्रयास किया। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही इन घटनाओं से ग्रामीणों में भारी दहशत और असुरक्षा का माहौल है।

नर्सरी को निशाना बनाने की कोशिश

नोहटा सर्किल के अंतर्गत घांघरी तिगड्डा के समीप वन विभाग की नवनिर्मित नर्सरी स्थित है। अज्ञात चोरों ने इस नर्सरी के मुख्य लोहे के गेट को काटने की साजिश रची। हालांकि, गेट का वजन अत्यधिक होने या समय रहते लोगों की आहट व आवाजाही शुरू हो जाने के कारण चोर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके और गेट को मौके पर ही छोड़ कर फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया और चौकीदार ने तुरंत इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों को दी। इस संबंध में डिप्टी रेंजर रसीद कुरैशी ने बताया कि क्षतिग्रस्त गेट को वेल्डिंग और मरम्मत के लिए भेज दिया गया है, जिसे जल्द ही पुनः स्थापित कर दिया जाएगा।

लगातार वारदातों से सहमे ग्रामीण

क्षेत्र में यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व ग्राम चौपरा चौबीसा (थाना जबेरा) और लरगुबा सरपंच के घर में भी लूट हरदुआ सड़क घरों के तले टूटने में वारदातें एक पखवाड़े के अंदर सामने आ चुकी हैं।, जिससे लोगों की रातों की नींद उड़ गई है। यद्यपि इन गंभीर आरोपों और घटनाओं की विस्तृत सत्यता पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगी, लेकिन डर का माहौल साफ तौर पर देखा जा सकता है।

बिजली फॉल्ट से बढ़ रहा संदेह

सुरक्षा को लेकर चिंता तब और गहरी हो गई जब नोहटा से मौसीपुरा की ओर जाने वाली विद्युत सप्लाई लाइन में रात्रि के समय बार-बार रहस्यमयी फॉल्ट किए जाने की बात सामने आई। स्थानीय लोगों का मानना है कि जानबूझकर बिजली गुल कर चोर अंधेरे का फायदा उठाने की फिराक में रहते हैं। हालांकि, बिजली फॉल्ट और चोरियों के सीधे संबंध की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यह संयोग ग्रामीणों की चिंता बढ़ाने के लिए काफी है। बढ़ती वारदातों और ग्रामीणों की चिंताओं को देखते हुए जब नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल से संपर्क किया गया, तो उन्होंने स्थिति पर कड़ी नजर रखने का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में पुलिस लगातार गश्त कर रही है। अब सुरक्षा को और अधिक पुख्ता करने के लिए गांवों के भीतर भी पुलिस वाहन भेजकर विशेष निगरानी बढ़ाई जाएगी, ताकि असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसा जा सके।

मां शेरावाली की महाआरती में उमड़ा जनसैलाब, लगा 56 भोग



बनवार। शारदीय नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर ग्राम गूढ़ा पूरी तरह भक्ति और आस्था के रस में सराबोर नजर आया। गांव में स्थित माता मंदिर में मां शेरावाली की भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर रहा। इस पावन अवसर पर माता रानी का विशेष श्रृंगार कर उन्हें 56 भोग अर्पित किए गए।

अष्टमी की संध्या ढलते ही मंदिर प्रांगण में हजारों दीपकों की रोशनी जगमगा उठी। आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से मां दुर्गा का पूजन-अर्चन किया गया। इसके उपरांत जब मां शेरावाली की आरती शुरू हुई, तो ढोल-नगाड़ों और 'जय माता दी' के गगनभेदी जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने एक सुर में मां की आराधना की और क्षेत्र की खुशहाली, सुख-समृद्धि एवं शांति की मंगल कामना की। पूजन-अर्चन व महाआरती के पूर्ण होने पर माता रानी को अर्पित किए गए 56 प्रकार के व्यंजनों का महाप्रसाद उपस्थित जनसमुदाय में वितरित किया गया। इस धार्मिक आयोजन में ग्रामीणों सहित आसपास के क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

भक्ति, आस्था और सहभागिता के इस अनोखे संगम ने पूरे गांव को उत्सवी माहौल में बदल दिया। देर रात तक मंदिर परिसर में भक्ति भजनों की गूंज बनी रही।

पथरिया में बिना डिग्री अस्पतालों के संचालन पर उठे सवाल

पथरिया। नगर में स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई को लेकर पक्षपात के आरोप उठ रहे हैं। हाल ही में विभाग ने एक क्लीनिक पर कार्रवाई की थी, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में ऐसे अन्य अस्पताल और क्लीनिक भी संचालित हो रहे हैं, जहां चिकित्सकीय डिग्री को लेकर सवाल हैं। इसके बावजूद उनकी जांच नहीं होने से कार्रवाई की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ संस्थानों को राजनीतिक संरक्षण मिलने के कारण कार्रवाई नहीं हो रही है। उनका यह भी कहना है कि जांच के लिए आए जिला स्वास्थ्य विभाग के आयुष अधिकारी ने संबंधित क्षेत्र के अन्य संस्थानों का निरीक्षण नहीं किया। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। नगरवासियों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि स्वास्थ्य संस्थानों की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि यदि नियमों का पालन जरूरी है, तो कार्रवाई सभी पर समान रूप से होनी चाहिए, ताकि आमजन को सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

दुर्गा पंडाल में शस्त्र पूजन कर भारत माता की हुई आरती



हटा। उपकाशी हटा नगर में नवरात्रि पर मां भगवती की आराधना और भक्ति के रंग में नगर सराबोर नजर आ रहा। देवी मंदिरों व दुर्गा पंडालों में 9 दिनों तक आरती पूजन के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए इसी के साथ दुर्गा पंडालों में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा भारत माता की आरती कर राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत की गई। इसी क्रम में अष्टमी की रात्रि 8:30 बजे चंडी जी चौराहा पर बिराजमान शेरावाली के आंगन में विश्व हिंदू परिषद, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के तत्वाधान में विशाल शस्त्र पूजन एवं भारत माता की महा आरती संपन्न हुई। संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं द्वारा मां के दरबार में विधिवत शस्त्रों की पूजा अर्चना कर नवदुर्गा एवं विजयदशमी की शुभकामनाएं दी। इस दौरान चंडी जी चौराहा भारत माता के जयकारों से गूंज उठा।

हवन पूजन के साथ हुआ कन्या भोज व भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा



शारदेय नवरात्र के अवसर पर लोगों के मन मे भक्ति कि एक अलग ही अलख चल रही है लोग सुबह से शाम तक भक्ति के रंग मे लीन रहते हैं। मंदिरों और दुर्गा पंडालों में श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं नवरात्र के 9वें दिन मां जगदम्बा कि अनेक स्थानों पर महाआरती से लोगों के दिन कि शुरुआत हुई पूरा शहर मां अम्बे की भक्ति में लीन रहे। सोमवार को नवरात्र के 9वें दिन जगह-जगह पर सुबह से हवन पूजन के साथ देर शाम तक भंडारे का दौर चलता रहा इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे दुर्गा पंडाल में सुबह से हवन पूजन हुआ और दोपहर 1 बजे से कन्या भोज के साथ भंडारा हुआ जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हवन पूजन में पहुंचकर भंडारे में मां का प्रसाद ग्रहण किया जनपद पंचायत के सामने महाकाली माता के यहां पर भी हवन पूजन के साथ भंडारे का आयोजन हुआ कृषि मंडी के सामने भी हवन पूजन के साथ भंडारा हुआ ज्वाला देवी मंदिर के पास भी हवन पूजन भंडारा हुआ नगर की बड़ी खेरमाई मंदिर में भी देर रात तक भंडारे का आयोजन चलता रहा नगर के एक दर्जन देवी पंडालों में हवन पूजन व भंडारे का दौर चलता रहा शारदेय नवरात्रि के 9वें दिन महानवमीं के अवसर पर नगर में पूरे दिन दुर्गा पंडालों में हवन पूजन भंडारे और धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम चलता रहा। नौ दिनों की देवी उपासना के पश्चात अधिकांश भक्तों ने हवन कर व्रत का समापन किया। श्रद्धालुओं ने 9वें दिन मां सिद्धिदात्री की भक्तिभाव से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की मंगल कामना की। महानवमी के दिन दुर्गा पंडालों में भक्तों की भीड़ देखी गई। देवी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। नगर के विभिन्न मंदिरों में हवन पूजा एवं भंडारे का कार्यक्रम किया गया।

बूढ़ा हटा में हुई नगर सेठानी के दरबार में देवी भजनों की प्रस्तुति



हटा। शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर बूढ़ा हटा में विराजमान नगर सेठानी के दरबार पर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष महेश पुरानी द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें जबलपुर से भजन गायिका बर्षा यादव एवं उनकी टीम द्वारा एक से एक बढ़कर देवी मां के भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों की शानदार प्रस्तुति से उपस्थित श्रद्धालु भजनों पर झूम उठे। भजन संध्या के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भजन संध्या में बर्षा यादव ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। उनके लोकप्रिय भजन मेरी शारदा भवानी' पर श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ जयकारे लगाए। इसके अलावा बड़ों ऊंचों बनो है तोरो धाम शारदा, दर्शन कर लो आज दर्शन कर लो आज निकले दशहरा पर काली सहित अन्य शानदार भजनों की प्रस्तुति की। भजन गायिका बर्षा की सुरमयी प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। भजनों का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा और श्रद्धालु भजनों का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजन स्थल पर श्रद्धालु माता रानी की भक्ति में लीन नजर आए।

सिंधी कैंप में माता रानी के भक्तों का लगा मेला, गरबा बना आकर्षण



दमोह। सिंधी कैंप स्थित श्री झूलेलाल प्रांगण में सिंधी मित्र मिलन दुर्गा उत्सव समिति द्वारा लगातार 27 वर्षों से शारदीय नवरात्र पर मां दुर्गा का पंडाल सजाया जा रहा है। नौ दिनों तक यहां विशेष पूजा-अर्चना और सुबह-शाम आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सिंधु महोत्सव गरबा समिति द्वारा पंचमी, षष्ठी और सप्तमी को रात्रि 9:30 से 11:30 बजे तक गरबा महोत्सव आयोजित किया गया। 'नौ थीम, नौ रंग' की अवधारणा पर आधारित कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा नृत्य प्रस्तुत कर मां दुर्गा की आराधना की। दीपों की रोशनी और गरबा की थाप ने आयोजन को आकर्षक बनाया। पंचमी और अष्टमी पर विशेष महाआरती हुई। अष्टमी पर मां को छप्पन भोग अर्पित किया गया, जिसके लिए श्रद्धालु अपने घरों से व्यंजन बनाकर लाए। नवमी पर पंडित अजय गर्ग और पंडित महेश शर्मा ने विधि-विधान से हवन-पूजन कराया। इसके बाद कन्या भोज आयोजित कर कन्याओं को दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया गया। मंच की सजावट नीरज कोटवानी द्वारा निःशुल्क की जाती है, जबकि मां दुर्गा की प्रतिमा को मूर्तिकार सूरज चक्रवर्ती ने आकार दिया है। पूरे नवरात्र पंडित अजय गर्ग और पंडित महेश शर्मा द्वारा नियमित पूजा-अर्चना एवं आरती संपन्न कराई गई।

देवी गीत, भजनों एवं देशभक्ति पर आधारित लोकगीतों की हुई प्रस्तुति

दमोह। बुंदेलखंड की संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां ग्राम ग्वारी में आयोजित की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के पूजन एवं गणेश वंदना के साथ शुरू हुआ।तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम समन्वयक मिशन जन जागृति युवा मंडल ने कहा कि मध्यप्रदेश संस्कृति संचालनालय भोपाल के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित है। इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा बुन्देलीखण्डी लोकगीतों, भजनों एवं देवी गीतों एवं देशभक्ति पर आधारित लोकगीतों की प्रस्तुतियां लोकवादन के माध्यम से स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी गई। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक वंदना जैन ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हमारी प्राचीन संस्कृति के प्रति लगाव एवं सम्मान बढ़ता है। बुंदेली संस्कृति वीरता, भक्ति और अटूट मेहनत का प्रतीक है। मेंटर ब्रजेश सेन मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम दमोह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विलुप्त हो रही परंपराओं का संरक्षण एवं संवर्धन होता है। इसके बाद सांस्क्रतिक कार्यक्रमों की बहुत ही मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी जिसमें सीताराम कला मंडली ग्वारी के कलाकारो ने बुन्देलीखण्डी लोकगीतों, भजनों की प्रस्तुतियां दी। उमाशंकर सेन ने अपनी मंडली के साथ देवी भगत प्रस्तुत की। इस अवसर पर बाल कलाकारों ने भी बुंदली वादन के साथ देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये।

निरंकारी संत समागम की तैयारियां अंतिम चरण में

23 से 26 अक्टूबर तक समालखा में होगा 79वां वार्षिक संत समागम, देश-विदेश से जुटेंगे श्रद्धालु

दमोह। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में 79वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 23 से 26 अक्टूबर 2026 तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में आयोजित होगा। समागम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। देश-विदेश से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। समागम स्थल पर विशाल पंडाल तैयार किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एलईडी स्क्रीन सहित अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं। सुचारु आवागमन और आयोजन के बेहतर संचालन के लिए पूरे परिसर को चार प्रमुख क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि सतगुरु माता जी की प्रेरणा और आशीर्वाद से व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समागम का उद्देश्य ब्रह्मज्ञान, भक्ति, प्रेम, सेवा और आध्यात्मिक जागृति का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। यहां श्रद्धालुओं को सत्संग के माध्यम से विश्वबंधुत्व, सौहार्द और निस्वार्थ सेवा जैसे मानवीय मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा मिलेगी। दमोह ब्रांच मुखी महात्मा राजकुमार सोनी ने समागम की जानकारी देते हुए श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

नरसिंहगढ़ में 45 वर्षों से निभाई जा रही जवारे रखने की परंपरा



नरसिंहगढ़। नगर के वार्ड क्रमांक 5 में किशोरी पटेल के दीवल पर नवरात्रि में जवारे रखने की परंपरा करीब 45 वर्षों से निभाई जा रही है। किशोरी पटेल के पिता ने इस परंपरा की शुरुआत की थी, जिसे परिवार आज भी पूरी श्रद्धा के साथ आगे बढ़ा रहा है। इस धार्मिक आयोजन से मोहल्ले के कई परिवार जुड़े हैं, जो सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ति के लिए जवारे रखते हैं। नवरात्रि के नौ दिनों तक दीवल पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना होती है। नवरात्रि समापन पर श्रद्धालु जवारे लेकर खेर माई के स्थान के लिए रवाना हुए। यात्रा में सिर पर जवारे रखकर चल रहे श्रद्धालुओं के साथ देसी भगत की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। भक्ति गीतों और पारंपरिक प्रस्तुतियों के बीच श्रद्धालु माता की भक्ति में झूमते नजर आए। परिवार के अनुसार, इस परंपरा की जड़ें उनके पुराने गांव स्थित दीवल से जुड़ी हैं। परिवार के नरसिंहगढ़ में बसने के बाद भी यह धार्मिक परंपरा लगातार जारी है। करीब 45 वर्षों से निभाई जा रही यह परंपरा क्षेत्र की आस्था, पारिवारिक विश्वास और लोक संस्कृति को जीवंत बनाए हुए है।

तारादेही में निकाली 251 मीटर की भव्य चुनरी यात्रा



तारादेही। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर सोमवार को तारादेही में मां की भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला । सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा नवमी के अवसर पर सुबह 11 बजें से तारादेही रेंज परिसर से ग्राम की सेठानी मां जगतजननी की 251 मीटर की भव्य एवं विशाल चुनरी यात्रा डीजे - बाजे ढोल, नगाड़ों एवं आतिशबाजी के साथ बड़ी धूमधाम से सांकला की माता के मंदिर तक निकाली गई ।चुनरी यात्रा में शामिल श्रृद्धालु 251 मीटर की चुनरी लेकर उत्साह और श्रद्धा के साथ आगे बढ़े । महिलाओं , युवाओं, और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला । यात्रा के दौरान जय माता दी के जयकारों से पूरा ग्राम गूंजता रहा, श्रृद्धालुओं की आस्था और उत्साह के चलते यह यात्रा लगातार भव्य रूप लेती गई ।एवं ग्राम में भ्रमण के साथ जगह-जगह युवाओं द्वारा चुनरी यात्रा में शामिल भक्तों को जल पिलाकर धर्म लाभ अर्जित किया,सोमवार को 251 मीटर की यात्रा के साथ आयोजित श्रृद्धा , एकता और आस्था का प्रतीक बनी । रेंज परिसर से बग्गी में सुंदर झांकी सजाकर श्री राम भगवान, लक्ष्मन भगवान एवं बग्गी में विराजित देवी स्वरूप मां जगतजननी के रूप में बैठी मां जगदम्बा को बग्गी में विराजित कर यात्रा की शुरुआत की,यात्रा ग्राम के मुख्य मार्गों से होते हुए, गांव की सती माता के मंदिर के दर्शन कर सांकला की माता के मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा - अर्चना कर चुनरी माता रानी को अर्पित की गई, एवं समस्त दुर्गा उत्सव समिति के युवाओं द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया इस दौरान तारादेही पुलिस बल की मौजूदगी रही।

मंत्री लोधी शबरी प्रसंग से भक्ति, सुग्रीव मैत्री से मित्रता और लंका दहन से मिला धर्म की विजय का संदेश

राम देश की आत्मा में बसे हैं, रामलीला उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा



नगर के पीडब्ल्यूडी मैदान में संस्कृति विभाग के तत्वावधान में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय श्रीरामलीला उत्सव के चौथे दिन रविवार, 18 अक्टूबर को रामायण के भावपूर्ण एवं मार्मिक प्रसंगों का मंचन किया गया। इस दौरान शबरी प्रसंग, श्रीराम-सुग्रीव मैत्री और लंका दहन जैसे प्रसंगों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि रामलीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के चरित्र और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। भगवान राम जन-जन में समाए हुए हैं। जब हम एक-दूसरे से मिलते हैं तो राम-राम कहते हैं, परेशानी में हमारे मुंह से हे राम और हाय राम निकलता है। मजदूर माताएं-बहनें भी मेहनत करते समय थकान में हाय राम कहती हैं। इससे स्पष्ट है कि राम देश की आत्मा में बसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि राम केवल एक नाम नहीं, बल्कि विश्वास, मर्यादा और कर्तव्य का नाम हैं। रामलीला हमें यह सिखाती है कि जीवन में किसका किसके प्रति क्या कर्तव्य है। पुत्र का माता-पिता के प्रति सम्मान और आज्ञापालन, माता-पिता का संतान के प्रति संस्कार एवं जिम्मेदारी, भाई का भाई के प्रति प्रेम और त्याग, पति-पत्नी का एक-दूसरे के प्रति विश्वास तथा समाज के प्रति प्रत्येक व्यक्ति का अपना दायित्व होना चाहिए। भगवान श्रीराम ने अपने जीवन में इन सभी कर्तव्यों का पालन करके समाज के सामने आदर्श प्रस्तुत किया। इसीलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम कहा जाता है मंत्री ने कहा कि सुबह उठकर सबसे पहले माता-पिता के चरणों में शीश झुकाना चाहिए। माता-पिता हमारे जीवन के सबसे बड़े मार्गदर्शक हैं और उनका सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी है। वहीं माता-पिता का भी कर्तव्य है कि वे बच्चों को अच्छे संस्कार देकर उन्हें समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाएं। भाई-भाई के बीच प्रेम, मित्र के प्रति विश्वास और जरूरतमंद के प्रति सहयोग की भावना रामायण हमें सिखाती है। उन्होंने कहा कि श्रीराम-सुग्रीव की मित्रता हमें मित्रता में विश्वास और वचन निभाने का संदेश देती है। शबरी प्रसंग भक्ति, समर्पण और समानता की सीख देता है, जबकि हनुमानजी का चरित्र सेवा, साहस और समर्पण का प्रतीक है। लंका दहन का प्रसंग अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देता है।

रामलीला के दौरान कलाकारों ने विभिन्न प्रसंगों का प्रभावी मंचन किया। संवाद, अभिनय और मंच सज्जा ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। श्रद्धालुओं ने कलाकारों के अभिनय की सराहना करते हुए आयोजन की प्रशंसा की। इस दौरान एसडीएम सीजी गोस्वामी मंडल अध्यक्ष संत कुमार पाल, सांसद प्रतिनिधि ठाकुर मूरत सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, राजकुमार ठाकुर नरगुँवा, डॉक्टर परम सिंह ,चेतन जैन ,भागचंद जैन विवेक जैन युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम जैन सहित हजारों श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित रहे।

जगह-जगह स्थापित मां जगतजननी की अदभुत झांकियां, संध्या आरती में उमड़ रहे श्रद्धालु


सिग्रामपुर। मुख्य बाजार आदर्श दुर्गोत्सव समिति


सिग्रामपुर। मां चण्डी दुर्गोत्सव समिति सिग्रामपुर


सिग्रामपुर। रानी दुर्गावती दुर्गोत्सव समिति


सिग्रामपुर। शिव मंदिर में विराजमान माता


दमोह। सिंधी कैंप में विराजी माताराणी।

बुराई पर अच्छाई की जीतः परंपरानुसार हुआ रावण दहन





हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

विजयादशमी के अवसर पर शहर के तहसील ग्राउंड में भव्य रावण दहन कार्यक्रम संपन्न हुआ। रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी पहुंचे। कार्यक्रम में रामदल के आगमन के साथ धार्मिक उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर मंत्री धर्मेंद्र सिंह, मंत्री लखन पटेल, सांसद राहुल सिंह, कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि, अजय टंडन, मानक पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, एसडीएम राजेंद्र सिंह सहित नगर पालिका के प्रतिनिधि और शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। रामदल जुलूस शहर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ तहसील ग्राऊंड पहुंचा। इसके साथ ही रावण दल भी इनके पीछे पीछे निकला। प्रभु श्री राम के रथ का जगह जगह स्वागत हुआ, आरती उतारी गई। वहीं रावण के रथ पर राक्षस वेश में उनकी सेना भी आकर्षण का केंद्र बनी रही। तहसील ग्राऊंड में राम रावण युद्ध का मंचन हुआ । प्रभु श्री राम ने तीर चलाकर बुराई के प्रतीक रावण के पुतले को जलाकर बुराई का अंत किया। बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया।



40 वर्षों से मुस्लिम कारीगर बना रहे रावण का पुतला

दमोह के रावण दहन कार्यक्रम की विशेष पहचान कौमी एकता की मिसाल भी है। उत्तर प्रदेश के जालौन से आने वाले मुस्लिम कारीगर पिछले 40 वर्षों से अधिक समय से रावण का विशालकाय पुतला तैयार करते आ रहे हैं। पीढ़ियों से चली आ रही यह परंपरा आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश देती है। श्रीराम जी सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में इस बार नारी शक्ति के सम्मान और सुरक्षा का संदेश भी दिया गया।

आतिशबाजी और आधुनिक तकनीक

रावण के पुतले में विशेष लाइटिंग, आतिशबाजी और आंखों व होंठों को चलायमान बनाने वाली तकनीक आकर्षण का केंद्र रही। रावण दहन के दौरान मैदान में मौजूद दर्शकों ने उत्साह के साथ आयोजन का आनंद लिया। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। ड्रोन कैमरों, सीसीटीवी और बीडीडीएस टीम के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी गई। आयोजन ने धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सद्भाव और नारी सम्मान का संदेश दिया।

भक्तिभाव माहौल में हुआ दिवालों से जवारों का विसर्जन



हटा। आदिशक्ति की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्र पर्व पर महानवमी के दिन लोगों ने हवन पूजन कर कन्या भोज कराकर माता की विधिवत पूजा अर्चना कर जवारों का विसर्जन किया एवं भक्तो ने नौ दिन उपवास रखकर ज्वारों के दर्शन कर व्रत का समापन किया गया। नगर के सिद्धक्षेत्र मां चण्डी जी मंदिर मां शीतला माता मंदिर मां गायत्री माता मंदिरों एवं नगर के देवीय दिवालों से पूरी भक्ति भाव से पूजा अर्चना की। सोमवार को नवरात्र के अंतिम दिवस शाम को जवारे निकालकर नदी के घाट पर विसर्जन किया गया। वहीं मंदिरों दिवालों एवं घरों में मां का विधि विधान से पूजन अर्चन कर हवन किया गया एवं उसके बाद कन्या भोज कराए गये। वहीं नौ दिनो तक भक्तिभाव में डूबे श्रृद्धालुओं द्वारा रखे जाने वाले उपवास खोले गये। इस दौरान समूचे नगर के दिवालों में स्थापित किये गये जवारे भक्तिभाव के साथ विसर्जित करने भजन कीर्तन करते हुए अपने गालों के बीच बानों को छेद कर देवी के प्रति आस्था का अनूठा परिचय देवी भक्तो द्वारा दिया गया। वहीं बाना छेदने वालों का मानना है कि यह सब मां दुर्गा की भक्ति का प्रतिफल है।

भक्ति सेवा उल्लास के साथ निकला रामदल का जुलूस



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

प्रतिवर्षानुसार नवदुर्गा के पावन पर्व पर धार्मिक उत्साह के साथ श्री रामजी सेवा समिति द्वारा पारंपरिक रूप से रामदल का जुलूस नगर के मुख्य मार्गो से निकाला गया। प्रारंभ में शिवाजी पार्क से सुसज्जित रथ पर श्रीराम भगवान, लक्ष्मण, हनुमान का वेश रखे गले में फूल माला पहनाकर और आरती उतारकर रामदल की शुरुआत की गई। जो बकौली, घंटाघर, मोरगंज स्थित प्राचीन राम मंदिर पहुंची। जहाँ पूर्व मंत्री जंयत मलैया, पूर्व विधायक अजय टंडन, विक्की गुप्ता, रोहित गुप्ता, विक्रम सींग ने वहा के पुजारी द्वारा पूजन अर्चन कर पुनः रामदल श्री राम के जयकारे लगाते हुए रामदल घंटाघर पहुंचा। जहाँ राजपूत क्षत्रिय महासभा के राकेश हजारी हिन्दू गर्जना मंच के कपिल सोनी एवं गणेश फैंस क्लब के साथियो अनुनय श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव मनीष नगाईच, गणेश अग्रवाल, लता केशरवानी, लालचंद राय, गुडडी तिलकधारी द्वारा भव्य आगवानी की घंटाघर पर ही आयोजित अखाड़ा में पूर्व विधायक अजय टंडन ने लकड़ी की तलवार से तलवारबाजी करते हुए बेहतर प्रदर्शन किया गया। उस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटैल, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन, मनु मिश्रा, वीरेन्द्र दुबे, तिलक सींग, अनिल जैन, परम यादव, रोहन पाठक, अमर राजपूत, राहुल नायक, नरेन्द्र जैन शक्ति की उपस्थिति रही। तत्पश्चात हनुमान गढी के आगे रामदल का स्वागत। विष्णु गुप्ता, दिनेश असाटी, दिनेश रैकवार, अरविन्द अवस्थी, अजय जाटव द्वारा किया गया। पुनः रामजी की सेना चली की धुन पर ध्वजा लहराते हुए रामदल बकौली पहुंचा जहाँ राजू असाटी, पप्पू कसोटया द्वारा रथ पर बैठे भगवान का स्वागत श्रीफल एवं मिष्ठान से किया गया। आगे बढते हुए रामदल बहराम टाकीज पहुंचा जहा रोजान डेंनियल द्वारा स्वागत किया गया। पुराना थाना पर राजू चौरसिया, नितिन चौरसिया, डब्बू ताम्रकार द्वारा स्वागत किया गया। वहां से होते हुए गढ़ी मुहल्ला में मुस्लिम समुदाय के अफजल खान, शहजाद खान स्वागत किया गया। परंपरानुसार सतीश दुबे के मंदिर में भगवान श्रीराम की आरती उतारी गई उसके बाद गड़रयाउ में बागेश्वर धाम समिति के सदस्यों विजय बहादुर सिंह, राजा रौतेला, खुशाली रजक, महेश चौकेसे, माखन खटीक द्वारा भगवान श्रीराम भरत मिलाप का आयोजन किया गया। पठानी मुहल्ला में कासिम खान, जुम्मन खान गौरीशंकर मंदिर पर स्वागत होते हुए फुटेरा फाटक पर अनिल सैनी एवं माली समाज द्वारा किया गया स्वागत। तत्पश्चात बड़ी देवी मंदिर में पुनः पूजन अर्चन के बाद रामदल का समापन किया गया। इस अवसर पर सीएसपी. टी.आई. समेत पुलिस का सराहनीय सहयोग रहा।

हॉकी मप्र की टीम राष्ट्रीय सीनियर प्रतियोगिता के फाइनल में

दमोह। झांसी में खेली जा रही राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में हॉकी मध्य प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल मुकाबले में मध्य प्रदेश ने उत्तर प्रदेश को 5-3 गोल से पराजित किया। अब खिताबी मुकाबले में टीम का सामना हरियाणा से होगा। टीम के कोच मंगल तथा मैनेजर राकेश गढ़वाल और इमरान की रणनीति के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाया। उल्लेखनीय है कि हॉकी मध्य प्रदेश की सीनियर पुरुष टीम की चयन प्रक्रिया दमोह में आयोजित की गई थी। टीम की इस उपलब्धि पर अध्यक्ष नितिन डिमोले, विजय वर्मा, गोर मास्साब, ललित नायक, महासचिव लोकबहादुर, इकबाल खान, कैलाश कोल, आभा, बृजेश, हेमा, जगेन्द्र तोमर, मकसूद, हरिशंकर, राजेश, भगवान सिंह, विजय ठाकुर, कफील, अल्ताफ, विकास जैन, तरुण नामदेव, विवियन राम, फैयाज खान और असार सहित अन्य लोगों ने बधाई देते हुए फाइनल के लिए शुभकामनाएं दीं।

बैंड-बाजों के साथ धूमधाम से निकाले गए जवारे, मढ़ियाघाट पर हुआ विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा

शारदीय नवरात्र के नौ दिन पूर्ण होने पर सोमवार को नगर में जवारा विसर्जन चल समारोह धूमधाम और भक्तिभाव के साथ निकाला गया। बैंड-बाजों और माता रानी के जयकारों के बीच निकले जवारों के चल समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नगर के मुख्य मार्गों से निकले इस चल समारोह के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया। नवमी के अवसर पर सुबह से ही माता आदिशक्ति के उपासक जवारों की विदाई की तैयारियों में जुट गए थे। शाम करीब चार बजे से नगर के विभिन्न देवी स्थलों और दिवालों से जवारों का चल समारोह प्रारंभ हुआ। बैंड-बाजों की धुन पर माता रानी के भक्त जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। चल समारोह में महिलाएं और युवतियां भक्ति गीत गाते हुए चल रही थीं। वहीं कुछ महिलाएं सिर पर खप्पर रखकर भाव में लीन नजर आईं। श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखते ही बन रहा था। जवारे नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मढ़ियाघाट पहुंचे, जहां विधि-विधान और पूजन-अर्चन के साथ जवारों का विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता रानी से परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। विसर्जन के बाद नवरात्र व्रत रखने वाले उपासकों ने माता रानी का प्रसाद ग्रहण कर अपने व्रत खोले।
नौ दिनों तक माता रानी की आराधना में लीन रहे श्रद्धालुओं ने नम आंखों से जवारों को विदाई दी। नगर में निकले इस पारंपरिक चल समारोह ने नवरात्र की धार्मिक आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की।

रात में डेढ़ दर्जन बकरियां चोरी

दमोह। रनेह थाना क्षेत्र के ग्राम बिला खुर्द में रविवार की दरमियानी रात अज्ञात चोर करीब डेढ़ दर्जन बकरियां चोरी कर ले गए। चोर कथित रूप से काले रंग की बोलेरो से पहुंचे और सिमरी रोड स्थित निताई पब्लिक स्कूल के सामने बने बाड़े से बकरियां वाहन में भरकर फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध वाहन और आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।जानकारी के अनुसार, ग्राम निवासी दम्मू खान ने बकरियां बाड़े में बांध रखी थीं। रात करीब एक बजे चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। बकरियों के चिल्लाने पर करीब दो बजे मालिक की नींद खुली, तो कई बकरियां गायब मिलीं। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तलाश की, लेकिन रात में कोई सुराग नहीं मिला।सुबह दम्मू खान ने रनेह थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में कथित तौर पर काले रंग की बोलेरो घटनास्थल के पास आती और कुछ देर रुकने के बाद आगे जाती दिखाई दी। पुलिस वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है।गौरतलब है कि नवरात्रि के चलते गांव में पांच स्थानों पर देवी प्रतिमाएं स्थापित हैं और अष्टमी की रात जागरण व देवी गीतों के आयोजन चल रहे थे। धार्मिक आयोजनों के बीच हुई चोरी से ग्रामीणों में चिंता और दहशत है। ग्रामीणों ने चोरी गई बकरियां बरामद कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मां अम्बिका की आरती बनी आकर्षण

कुंडलपुर। शारदीय नवरात्र के नौ दिनों तक कुंडलपुर ग्राम का वातावरण भक्तिमय बना रहा। मां रुक्मणी मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, वहीं ग्राम पंचायत प्रांगण स्थित शंकर जी मंदिर में विराजमान मां अम्बिका की मनमोहक प्रतिमा और दिव्य आरती आकर्षण का केंद्र रही।नवरात्र के दौरान प्रतिदिन कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। ग्रामवासियों के साथ बाहर से आए श्रद्धालुओं और अतिथियों ने भी मां के दर्शन कर धर्मलाभ लिया। मां अम्बिका दुर्गोत्सव समिति, शंकर जी मंदिर कुंडलपुर द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण और सुगम दर्शन की व्यवस्था की गई। पूरे नौ दिनों तक श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा।



झंडा चौक बाजार में हुई महाआरती राज्यमंत्री लखन पटेल हुए शामिल

पथरिया। नगर के वार्ड क्रमांक 11 स्थित झंडा चौक बाजार में नवरात्रि की अष्टमी पर भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल शामिल हुए। उन्होंने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।



आयोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, राजेंद्र गुरु, पूर्व मंडी अध्यक्ष खरगराम पटेल, जिला पंचायत सदस्य राव बृजेन्द्र सिंह, जिला महामंत्री महेश पटेल, मंडल अध्यक्ष रमेश कुशवाहा, नरेंद्र सराफ, संतोष दुबे, वीरेंद्र दुबे सहित देवी उत्सव समिति के सदस्य और सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। महाआरती के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा।

राकेश अग्रवाल बने कैट के जिला प्रभारी

प्रमोद बजाज जिला अध्यक्ष, पदम इटोरिया को जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त

दमोह। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) की दमोह जिला इकाई में संगठनात्मक नियुक्तियां की गई हैं। संगठन के पदाधिकारियों की सहमति से राकेश अग्रवाल को जिला प्रभारी, प्रमोद बजाज को जिला



अध्यक्ष तथा पदम इटोरिया को जिला कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इन नियुक्तियों में कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया, राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीन खंडेलवाल, मध्यप्रदेश प्रभारी संजय पटवारी, मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, प्रदेश महामंत्री योगी खंडेलवाल, संभाग प्रभारी जितेंद्र पचौरी, संभाग अध्यक्ष निकेश गुप्ता एवं गोविंददास असाटी की सहमति रही। जिला महामंत्री जुगल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कैट के सिद्धांतों के अनुरूप व्यापारियों के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान तथा व्यापारिक समुदाय को मजबूत बनाने के लिए संगठन सक्रिय रूप से कार्य करेगा। नवनियुक्त पदाधिकारी शीघ्र ही जिले की कार्यकारिणी का गठन एवं मनोनयन करेंगे, ताकि संगठनात्मक गतिविधियों को गति प्रदान की जा सके।